कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः– 2746 /12–1 दिनांक 01/11 /2023

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, भवाली।

विषयः– **जनपद नैनीताल में बगडवार बैंड से दूनी (विरसिंग्या) मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.78 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

संदर्भ :– **इस कार्यालय की पत्र संख्या 688/13–विरसिंग्या दिनांक 13.8.2018।**

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से विषयांकित प्रस्ताव में निर्गत सैद्धान्तिक स्वीकृति के सापेक्ष डिमाण्ट नोट निर्गत किया गया था, जिसकी अनुपालन आख्या आप द्वारा आतिथि तक उपलब्ध नहीं करायी गयी है। डिमाण्ड नोट की शर्त संख्या 01 के अनुसार आपसे क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों के रखरखाव हेतु रू0 21,06,707.00 की धनराशि तथा शर्त सख्या 02 के अनुसार एन0पी0वी0 हेतु 31,94,100.00 की धनराशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था।

आप द्वारा काफी समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी धनराशि जमा नहीं की गयी है, और न ही अनुपालन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। वर्तमान में क्षतिपूरक वृक्षारोपण तथा एन.पी.वी की दरों में परिवर्तन हो गया है, अतः आप निम्न प्रकार धनराशि जमा करने का कष्ट करें –

क्र0सं0	मद	दर का आंकलन	धनराशि
1	क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो के रखरखाव	3.78X2 =7.56 @ 4,48,791.00/Ha.	33,92,860.00
2	एन.पी.वी	3.78 @ 12,92,850.00	48,86,973.00
		Total	**82,79,833.00**

उक्त के अतिरिक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से डिमाण्ड नोट की शर्तों का अनुपालन कर इस कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि आख्या उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

पत्रांक / **उक्तदिनांकित।**

प्रतिलिपि अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फौरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल